अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 मणिपुर में सरकार और प्रशासन हिंसा और अराजकत...
6 जवान की एडवांस बुकिंग ने इतिहास बना डाला...
7 लाड़ली बहना योजना ..

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-33 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 05 सितम्बर से 11 सितम्बर 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी, विशेष सत्र में विधेयक ला सकती है सरकार

**संसद के विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में विधेयक ला सकती है। सूत्रों ने दावा किया कि इससे जुड़े प्रस्ताव की तैयारियां जारी हैं। हाल ही में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है। उन्होंने लोगों से इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करने की अपील भी की थी।**

**नई दिल्ली,** । अमृत काल में देश के लोगों को गुलामी की मानसिकता और इससे जुड़ी किसी भी चीज से आजाद करने पर जोर दे रही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार संविधान से %इंडिया% शब्द हटाने की योजना बना रही है।

संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी, विशेष सत्र में विधेयक ला सकती है सरकार

संसद के विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में विधेयक ला सकती है। सूत्रों ने दावा किया कि इससे जुड़े प्रस्ताव की तैयारियां जारी हैं। हाल ही में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है। उन्होंने लोगों से इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करने की अपील भी की थी।

### प्रस्ताव की तैयारियां जारी

संसद के विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में विधेयक ला सकती है। सूत्रों ने दावा किया कि इससे जुड़े प्रस्ताव की तैयारियां जारी हैं। हाल ही में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है। उन्होंने लोगों से इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करने की अपील भी की थी।



## त्रिपुरा उपचुनाव में जमकर हुआ मतदान, बॉक्सानगर में 85.52 और धनपुर में 81.34 प्रतिशत वोटिंग

राज्य चुनाव आयोग की से बताया गया है कि उचुनाव में बॉक्सानगर में 81.34 और धनपुर में 85.52 प्रतिशत मतदान हुआ। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

त्रिपुरा में कड़ी सुरक्षा के बीच बॉक्सानगर और धनपुर विधानसभा उपचुनाव में मतदान संपन्न हो गया। सिपाहीजला जिले में स्थित इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आज सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक चला। इस दौरान लोगों ने जमकर मतदान किया। राज्य चुनाव आयोग की से बताया गया है कि उचुनाव में बॉक्सानगर में 81.34 और धनपुर में 85.52 प्रतिशत मतदान हुआ। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, सिपाहीजाला जिले के चुनाव अधिकारी के मुताबिक चुनाव सुबह सात बजे से शुरू हुआ। धनपुर में एक और बोक्सानगर में दो स्थानों सहित तीन स्थानों पर ईवीएम में खराबी की सूचना मिली, जिसे तुरंत हल कर लिया गया। सुबह 9 बजे तक 18.92त्न मतदान हुआ। हालांकि, सुबह 11 बजे तक इन सीटों पर 40.11 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की एक रिपोर्ट में बताया गया कि सुबह 9 बजे तक बॉक्सनगर में 18.97 प्रतिशत और धनपुर में 18.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। धनपुर विधानसभा क्षेत्र के 59 बूथों और बॉक्सनगर के 51 बूथों पर सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ, मतदान शाम 4 बजे तक जारी रहा। त्रिपुरा चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक उपचुनाव में बॉक्सानगर में 85.52 और धनपुर में 81.34 प्रतिशत मतदान हुआ।

## सनातन पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी से उत्तर भारत में सियासी बवाल लेकिन दक्षिण भारत में कैसी प्रतिक्रिया है?



**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए बयान से विवाद की आँच उत्तर भारत तक पहुँच गई है.**

**दरअसल, बीते शुक्रवार यानी एक सितंबर को मार्क्सवादी पार्टी से जुड़ा संगठन तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक और कलाकार संघ की ओर से चेन्नई के कामराजार एरिना में सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया गया था.**

इसमें भाग लेते हुए उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्यचित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया. उन्होंने सनातन धर्म और बीजेपी को लेकर भी भाषण दिया था.

उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में कहा था, इस सम्मेलन का शीर्षक बहुत अच्छा है. आपने सनातन विरोधी सम्मेलन के बजाय सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया है. इसके लिए मेरी बधाई. हमें कुछ चीज़ों को ख़त्म करना होगा.

## जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के मामले में सुनवाई पूरी; सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**कोर्ट ने सुनवाई के अंतिम दिन वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यन्त दवे और अन्य की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता या उत्तरदाता की ओर से पेश कोई वकील लिखित दलील दाखिल करना चाहता है, तो वह अगले तीन दिनों में ऐसा कर सकता है।**

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।



संपादकीय

# मणिपुर में सरकार और प्रशासन हिंसा और अराजकता को रोकने में पूरी तरह नाकाम

**मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष में अब तक लगभग दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं। मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं में छह लोगों के मारे जाने और कई अन्य के घायल हो जाने से साफ है कि तमाम कवायदों के बावजूद सरकार वहां शांति स्थापित कर पाने में नाकाम है। वहां हिंसा शुरू हुए करीब चार महीने हो गए हैं और इस बीच पुलिस से लेकर सेना तक का सहारा लेकर टकराव में शामिल गुटों को काबू में करने की कोशिशें जारी हैं।**



मगर आज भी वहां जैसे हालात हैं, उसके मद्देनजर सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। गौरतलब है कि मणिपुर में गुरुवार को चुराचांदपुर-बिष्णुपुर सीमा पर दो गुटों की गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई। चुराचांदपुर कुकी-जोमी बहुल इलाका है और बिष्णुपुर में ज्यादातर आबादी मैतेई समुदाय की है।



संपादक-
गोपाल गावंडे

ताजा संघर्ष में मारे गए लोगों में वहां के एक लोकप्रिय गीतकार की भी जान चली गई। मंगलवार से अब तक गोलीबारी में कुल नौ लोग मारे जा चुके हैं। इन घटनाओं के बाद एक रिवायत की तरह पुलिस की ओर से फिर यही कहा गया है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सवाल है कि इतने लंबे संघर्ष और इसमें शामिल समूहों के चिह्नित होने के बावजूद सरकार और प्रशासन हिंसा और अराजकता को रोकने के मामले में क्यों लाचार दिख रही है!

विडंबना है कि इस मसले पर उच्चतम न्यायालय सरकार को हिदायत दे चुका है कि वह हिंसा पर लगाम लगाने और शांति कायम करने के लिए ठोस कदम उठाए, जरूरी कार्रवाई करे। उसकी तरफ से गठित निगरानी समिति मणिपुर में काम शुरू कर चुकी है। मगर इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि इसके बावजूद वहां के कई इलाके अब भी अशांत हैं।

हालांकि राज्य सरकार स्थिति को नियंत्रण में कर लेने का भरोसा जता रही है, लेकिन पिछले कई महीने से जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा को रोक पाने में वहां की पुलिस व्यापक पैमाने पर नाकाम साबित हुई है। यह बेवजह नहीं है कि जिन इलाकों में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच टकराव अधिक था और उससे निपटना एक जटिल चुनौती थी, वहां हालात पर काबू पाने के लिए सेना को भी उतारा गया। पर ऐसा लगता है कि इस समस्या से उपजी चिंता गहराती जा रही है।

गौरतलब है कि बीती मई की शुरुआत में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के मसले पर शुरू हुए विरोध के बाद हिंसा भड़क गई और उसका दायरा फैलता चला गया। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष में लगभग दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से शांति समिति का भी गठन किया गया था।

मगर अब भी दोनों समुदायों के बीच हिंसा को रोक पाना संभव क्यों नहीं हो सका है। दूसरी ओर, यह स्थिति भी पैदा हुई कि कुकी समुदाय की ओर से अपनी उपेक्षा को कारण बताते हुए स्वायत्त प्रशासन की मांग उठाई गई। सवाल है कि हिंसा शुरू होने के मूल कारणों पर गौर करना और उसे सुलझाने के लिए कोई रास्ता निकालना सरकार को क्यों जरूरी नहीं लग रहा है!

फिलहाल सबसे प्राथमिक कदम यह होना चाहिए कि सरकार हिंसा और टकराव को रोकने के साथ ही इसमें शामिल सभी पक्षों से बातचीत का हर संभव कदम उठाए, क्योंकि समस्या चाहे जितनी भी जटिल हो, उसका समाधान आखिरी तौर पर संवाद से ही निकलेगा।

राजनीति

# तेलंगाना हिंदू ध्रुवीकरण और मुस्लिम तुष्टीकरण के बीच कांग्रेस बुरा फंस गई, इस खास रणनीति पर हो रहा काम



बीच मझधार में फंसी इस नैया को बाहर निकालने के लिए कांग्रेस ने एक खास रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। उस रणनीति के तहत कांग्रेस पार्टी ने अपने ही कुछ नेताओं को लेकर Minorities Declaration Committee बना दी है।

तेलंगाना में कांग्रेस की राह इस बार काफी मुश्किल दिखाई दे रही है। एक तरफ केसीआर की बीआरएस इस बार मुस्लिम वोट को एकमुश्त करने में लगी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी भी हैदराबाद को भाग्यनगर करने वाले दांव के साथ हिंदू ध्रुवीकरण की रणनीति को धार देने का काम कर रही है। इन दो रणनीतियों के बीच कांग्रेस कहीं फंस सी गई है। वो ना हिंदू वोट को अपने पाले में ला पा रही है और ना ही केसीआर से मुस्लिम वोट को छीन पा रही है।

## कांग्रेस मुस्लिमों को कैसे खुश करेगी?

अब बीच मझधार में फंसी इस नैया को बाहर निकालने के लिए कांग्रेस ने एक खास रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। उस रणनीति के तहत कांग्रेस पार्टी ने अपने ही कुछ नेताओं को लेकर 'Minorities Declaration Committee' बना दी है। ये कमेटी अलग-अलग अल्पसंख्यक समुदायों से मुलाकात करेगी,उनकी समस्याओं को समझेगी और फिर उसी आधार पर अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी।

इस समय 'Minorities Declaration Committee' की अध्यक्षता कांग्रेस के दिग्गज नेता मोहम्मद अली शब्बीर कर रहे हैं। इस कमेटी की पहली मीटिंग कुल तीन घंटे तक चली और कई मुद्दों पर चर्चा की गई। उस मीटिंग के बाद कहा गया कि महीने के अंत तक तमाम समुदायों से मुलाकात कर जो भी निष्कर्ष निकलेगा, उसे हाईकमान के सामने रखा जाएगा। अब जानकारी के लिए बता दें कि तेलंगाना में मुस्लिमों की आबादी 13 फीसदी के करीब है, एक प्रतिशत ईसाई भी हैं।

## तेलंगाना की मुस्लिम राजनीति

वर्तमान की जो राजनीति चल रही है, वहां पर मुस्लिम वोटबैंक पर सत्तारूढ़ बीआरएस की मजबूत पकड़ है। कई ऐसी योजनाएं भी चला रखी हैं, जिस वजह से इस समुदाय का वोट केसीआर को मिल रहा है। उदाहरण के लिए पिछड़े समाज के परिवार को 1 लाख रुपये देने की योजना, मुस्लिम महिलाओं को निकाह के समय 1,00,116 रुपये देने की बात। इसके ऊपर असदुद्दीन ओवैसी की AIMIM के साथ पार्टी की एक अडरस्टैंडिंग चल रही है जिस वजह से हैदराबाद की कई सीटों पर भी मुस्लिम वोट केसीआर को मिल रहा है।

## बीजेपी ने कैसे बढ़ा दी टेंशन?

अब कांग्रेस को मुस्लिम वोट इसलिए भी चाहिए क्योंकि बीजेपी ने धीरे-धीरे ही सही इस राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना शुरू कर दिया है। वो खुद को प्रमुख विपक्षी पार्टी बनाने की कोशिश में लगी है। उसके इस प्रयास में हिंदू वोटों को एकमुश्त करने पर पूरा जोर दिया जा रहा है। अब बीजेपी के आने से पहले तक हिंदुओं का एक धड़ा कांग्रेस के साथ भी रहा करता था। लेकिन कुछ सालों में जमीन पर स्थिति बदली है, ऐसे में कांग्रेस को भी अपनी रणनीति पर और ज्यादा काम करना पड़ा है।

# बुजुर्ग महिला से एक लाख की सोने की चेन लुटेरे झपटकर भाग गए

**इंदौर 5 सितंबर मलिक बाग मैं रोड पर बुजुर्ग महिला से बाइक सवार लुटेरे सोने की चेन खींचकर फरार हो गए। इसी प्रकार एक अन्य युवती से बदमाश मोबाइल छीनकर भाग गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी उषा पति स्वर्गीय शंकर लाल वासवानी 60 साल निवासी प्रेम नगर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कल शाम 7-10 बजे वह मानिक बाग में रोड से पैदल पैदल घर जा रही थी तभी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात बदमाश आए और पीछे बैठे युवक ने उसके गले में जाप्टा मारा और सोने की चेन पेंडल सहित खींच कर भाग गए। घटना की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास तलाश मगर उनका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज देख रही है। जूनी इंदौर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 392 की तहत केस दर्ज किया है। इसी प्रकार सिलिकॉन सिटी में रहने वाली प्रियंका पिता महेश चंद्र शर्मा 21 साल ने पुलिस को बताया कि वह घर के पास ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रही थी। तभी कॉल आने पर वह फोन पर बात कर रही थी इसी दौरान काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़के आए और पीछे बैठे लड़के में धक्का दिया और मोबाइल छीनकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है।

## किसान को कुल्हाड़ी मारी

**इन्दौर ।** सांवर थाना अंतर्गत ग्राम दर्जी कराडिया में रहने वाले किसान काशीराम पिता राम नारायण मौर्य 45 साल को किसी बात के चलते आरोपी लक्ष्मण पिता मोहनलाल चौहान ने कुल्हाड़ी मार दी जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## टक्कर से दो जख्मी

**इन्दौर ।** खंडवा रोड पर मोटरसाइकिल सवार दिनेश पिता कांतिलाल कौशल और गोपाल पिता चंद्रकांत खत्री दोनों निवासी नौलखा को ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## हथियार सहित चार बंदी

**इन्दौर ।** बाणगंगा पुलिस ने जितेंद्र पिता जगदीश सेन से तलवार और दीपक पिता मुन्नालाल साहू से चाकू बरामद किया। इसी प्रकार पुलिस राजेंद्र नगर ने मुकेश सोलंकी से गुप्ति और अशोक पाल से तलवार बरामद की है। सभी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

किशोर को ब्लेड मार कुंदन नगर में रहने वाले 16 वर्षीय सार्थक पिता विजय शंकर सिसोदिया को किसी बात के चलते पवन पिता हरीश वर्मा ने ब्लेड मार दी जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दहेज के लिए धमकाया

**इन्दौर ।** फरियादी हेमलता मालवी 28 साल निवासी नंद नगर की रिपोर्ट पर पति राजेंद्र मालवीय स शोभा मालवीय ससुर बाबूलाल मालवीय आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी हेमलता को मायके से दहेज नहीं लाने पर ससुराल वालों ने जान से मारने की धमकी दी।

## नशा करते चार बंदी

**इन्दौर ।** द्वारकापुरी पुलिस ने ऋषि पैलेस कॉलोनी के पास गांजा पीते हुए सुरेश पिता कृष्णकांत पवार अशोक पिता लक्ष्मी नारायण चौधरी धर्मेंद्र पिता बाबूलाल वर्मा और अजय पिता आनंद किशोर साहू को पकड़ा इनके पास से गांजे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## दो लोगों को धमकाया

**इन्दौर ।** फरियादी सुमन पति घनश्याम कौशल निवासी जंजीर वाला चौराहा के घर में घुसकर उर्मिलापति दिलीप मरमत ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी इसी प्रकार विनोद शर्मा निवासी क्लर्क कॉलोनी के साथ यशवंत तिवारी ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज किया है।

## कार के कांच फोड़े

**इन्दौर ।** स्कीम नंबर 94 में रहने वाले रवि पिता हेमंत सोनी कि घर के बाहर खड़ी कार के कांच दे रात अज्ञात बदमाशों ने फोड़ दिए। फरियादी रवि सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एक्टिवा चोर पकड़ा फरियादी विजेंद्र सिंह पिता विक्रम सिंह राठौर निवासी विजयनगर की घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चुरा कर ले जाते हुए शुभम पिता नाथूलाल प्रजापत निवासी निरंजनपुर को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## बुजुर्ग की लाश मिली

**इन्दौर ।** हीरानगर पुलिस ने न्यू गोरी नगर के पास सड़क किनारे से एक अज्ञात बुजुर्ग की लाश बरामद की है। संभवत: किसी वाहन में टक्कर मार दी है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

झगड़ा करते 8 बंदी पुलिस तेजाजी नगर ने संत नगर में झगड़ा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार पुलिस अन्नपूर्णा ने दशहरा मैदान के पास झगड़ा करते हुए चार आरोपियों को पकड़ा है। सभी के खिलाफ धारा 160 के तहत केस दर्ज किया है।

## महिला किशोरी से छेड़छाड़

**इन्दौर ।** बड़ी ग्वालटोली में रहने वाली महिला की शिकायत पर महेश पिता मूलचंद के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है। वहीं इंदिरा एकता नगर में रहने वाली किशोरी के साथ राहुल पिता विष्णु शर्मा ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गांजा सहित दो धराए

**इन्दौर ।** पुलिस भंवर कुवा ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दिलीप पिता रामकिशन भारद्वाज और राजू पिता लक्ष्मी नारायण पाल को पकड़ा इनके पास से 830 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## गुंडे से पिस्तौल मिली

**इन्दौर ।** पुलिस तिलक नगर ने मुखबिर की सूचना पर कैलाश पिता हुकम चंद यादव को पकड़ा तलाशी लेने पर एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25 और 27 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

# राखी बांधने गई बहन का सिर फोड़ा, केस दर्ज

**इंदौर 5 सितंबर भवर कुआं थाना क्षेत्र में महिला का उसकी भाभी से विवाद हो गया इस पर भाभी ने उसका सिर फोड़ दिया। वह अपने भाई को राखी बांधने के लिए गई थी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शकुंतला बाई की रिपोर्ट पर अनुसूया पति मनोहर चौहान निवासी जीत नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी शकुंतला में पुलिस को बताया कि वह राखी बांधने के लिए अपने भाई मनोहर चौहान की यहां जीत नगर गई थी। उसे साथ हजार रुपए उधार दिए थे वह उसे मांग रही थी इसी बात को लेकर भाभी अनसूया भाई के साथ गाली गलौज करने लगी वह अपने घर जाने लगी तभी भाभी पीछे आई और उसके सिर पर पत्थर मार दिया जिसमें वह लहू लोहान हो गई। भाभी ने धमकी दी की अगली बार रुपए मांगे तो जान से मार दूंगी। भंवर कुवा पुलिस ने अनसूया के खिलाफ मारपीट की धारा में केस दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी नरेश पिता परसराम प्रजापत निवासी विदुर नगर ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते चचेरे भाई कैलाश ने उसे चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही एक अन्य घटना हीरानगर थाना क्षेत्र में हुई। फरियादी सुरेश कुशवाहा निवासी गोरी नगर ने पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी से क्षेत्र में रहने वाले विनोद चौहान को मामूली टक्कर लग गई इसी बात को लेकर विनोद ने उसे चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ के केस दर्ज किया है।

## दो पक्षों में संघर्ष, चार घायल

इंदौर 5 सितंबर महू थाना क्षेत्र में दो पक्षों में हथियार चले जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के मिला एफ क्रॉस केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सिद्धार्थ पिता राजेश शर्मा निवासी महू मैं पुलिस को बताया कि कल रात्रि 9:00 बजे वह अपने दोस्त के साथ गेटवे लापताल के पीछे गार्डन के बाहर खड़ा था तभी हर्ष नामक युवक आया और बोला कि तू बहुत बड़ा पहलवान बनता है आज तेरी होशियारी निकाल दूंगा बोलकर गालियां देने लगा मैंने गाली देने से मना किया तो हर्ष और उसके साथी अपूर्व चौरसिया यस टॉक अजय ने बेरहमी से मारपीट की और भी बचाव करने में दोस्त भी घायल हो गया।

# शेयर मार्केट के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपए ठगे, केस दर्ज

इंदौर 5 सितंबर शहर में धोखाधड़ी की घटनाएं नहीं थम रही है। राजधानी के ठग न शहर के लगभग आधा दर्जन लोगों को शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिए। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अर्जुन पिता शारदा प्रसाद हड़िया निवासी गोमा की फेल ने क्राइम ब्रांच मैं दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसकी साली को शेयर मार्केट में ऑनलाइन पैसा लगाकर कई गुना लाभ दिलाने का जैसा देखकर आरोपी आशीष पिता राकेश साहू निवासी भोपाल में 15 लाख 24 हजार रुपए हड़प लिए। इसी तरह चार से ज्यादा अन्य लोगों ने भी आरोपी आशीष के खिलाफ ठगी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपी आशीष ने भोले भाले लोगों से 68 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की है। आरोपी के खिलाफ धारा 419 और 420 का प्रकरण दर्ज किया है।

# निजी कॉलेज नर्सिंग के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## चचेरा भाई रूम में पहुंचा तो फंदे पर लटके मिला

**इंदौर । निजी कॉलेज के छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना खजराना थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने कमरा सील कर दिया। मामले में परिवार को भी सूचना दी गई।**

खजराना टी आई उमराव सिंह ने बताया कि समीर पिता मंसूरी खान 21 साल निवासी अशरफी कॉलोनी ने अपने फ्लैट के कमरे में फांसी लगा ली। शाम को भाई जीशान कमरे में पहुंचा तो उसे फंदे पर लटके देख पुलिस को जानकारी दी। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़े अस्पताल भेजा गया।

### कुछ दिनों से नहीं गया था कॉलेज

दोस्तों ने बताया कि समीर कनाडिया कैलाना मेडिकल कॉलेज में थर्ड ईयर का छात्र है। वह कुछ दिनों से कॉलेज नहीं जा रहा था। सुबह उसकी कॉल पर पिता से भी बात हुई थी। इसके बाद दोपहर में रूम पार्टनर से भी बात हुई इसके बाद उसने यहां कदम उठा लिया। प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड पत्र नहीं मिला है।

# बाइक से घर जा रहे पेंटर की सड़क हादसे में मौत


इंदौर । मोटरसाइकिल सावर पेंटर को अज्ञात गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि युवक के ऊपर से गाड़ी गुजर गई। घटना बालगंगा थाना क्षेत्र की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना पोलो ग्राउंड की है। यहां सोमवार रात परितोष पिता अनिल साहू 30 साल निवासी नंद बाग कॉलोनी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना दर्दनाक था कि परितोष के ऊपर से गाड़ी का पहिया गुजर गया जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात में पुलिस ने शव को बड़े अस्पताल भेजा। इधर बाइक का नंबर के आधार पर पुलिस परितोष के घर पहुंची। यहां पता चला कि वह अकेला रहता था। उसके माता-पिता बड़वानी में रहते हैं वही बड़ा भाई आशुतोष गांधीनगर में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। दोस्तों ने बताया कि परी दोस्त लगभग 15 साल पहले इंदौर काम के सिलसिले में आ गया था। यहां पैंट के ठेके लेकर काम करता था। अरविंदो में उसकी साइड भी चल रही थी। बाणगंगा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कृष्ण जन्माष्टमी कब मनाई जाएगी? जानें इसकी सही डेट और शुभ मुहूर्त

**जन्माष्टमी दिन भगवान श्री कृष्ण के बाल गोपाल स्वरूप की पूजा होती है. जन्माष्टमी के दिन लोग उपवास रखते हैं और कृष्ण के लिए प्रेम के भक्ति गीत गाकर और रात में जागरण कर मनाते हैं।**

जन्माष्टमी का त्योहार भगवान कृष्ण के जन्म के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है. इसे कृष्णष्टमी या गोकुलाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है. भगवान कृष्ण के अनुयायियों के लिए जन्माष्टमी का त्यौहार बहुत महत्व रखता है. यह त्योहार कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन मनाया जाता है. जन्माष्टमी का त्योहार देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में धूम-धाम से मनाया जाता है. आइए जानते हैं कि इस साल जन्माष्टमी का त्योहार कब मनाया जाएगा.



### इस दिन मनाई जाएगी जन्माष्टमी

कृष्ण जन्मोत्सव के दिन लोग व्रत रखते हैं और रात में 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म के बाद प्रसाद वितरण करके अपना व्रत खोलते हैं. इस साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की 6 सितंबर को दोपहर 03 बजकर 37 मिनट से हो रही है. इसका समापन अगले दिन 7 सितंबर की शाम 04 बजकर 14 मिनट पर होगा.

शास्त्रों के अनुसार श्रीकृष्ण का जन्म रात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में हुआ था. इस मान्यता के अनुसार गृहस्थ जीवन वाले 6 सितंबर को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाएंगे. मथुरा में भी जन्माष्टमी 6 सितंबर को ही मनाई जाएगी. इसी दिन रोहिनी नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है. वहीं वैष्णव संप्रदाय में श्रीकृष्ण की पूजा का अलग विधान है. इसलिए वैष्णव संप्रदाय में 07 सितंबर को जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा.

### जन्माष्टमी व्रत और पूजन विधि

जन्माष्टमी व्रत की शुरुआत अष्टमी के उपवास से शुरू होती है. इस दिन श्री कृष्ण के बाल स्वरूप का पूजन होता है. रात में 12 बजे के बाद पारण करने के बाद व्रत की पूर्ति होती है. इस व्रत से एक दिन पहले यानी सप्तमी के दिन हल्का और सात्विक भोजन करना चाहिए. उपवास वाले दिन भक्तों को सुबह स्नान करने के बाद सभी देवताओं को नमस्कार करके पूर्व या उत्तर को मुख करके बैठना चाहिए.

हाथ में जल, फल और पुष्प लेकर व्रत का संकल्प लें और मध्यान्ह के समय काले तिलों का जल छिड़क कर देवकी जी के लिए प्रसूति गृह बनाएं. अब इस सूतिका गृह में सुन्दर बिछौना बिछाकर उस पर शुभ कलश स्थापित करें. इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के साथा माता देवकी जी की मूर्ति भी स्थापित करनी चाहिए. देवकी, वासुदेव, बलदेव, नन्द, यशोदा और लक्ष्मी जी इन सबका नाम लेते हुए विधिवत पूजन करना करें. यह व्रत रात में बारह बजे के बाद ही खोला जाता है. इस व्रत में अनाज का उपयोग नहीं किया जाता. फलहार के रूप में कुट्टू के आटे की पकौड़ी, मावे की बर्फी और सिंघाड़े के आटे का हलवे का सेवन कर सकते हैं।

# स्वभाव कैसा भी हो, व्यवहार को हमेशा सही रखें

**जिसके स्वभाव में प्रेम रचा-बसा है, वह जो भी सोचता है प्रेममय ही सोचता है, शांति से सोचता है। ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आने वाले प्रत्येक को प्रेम और शांति की ही अनुभूति होगी। हमें सभी के साथ विनम्रता और करुणापूर्वक व्यवहार करना चाहिए। इसलिए नहीं कि वे लोग अच्छे हैं, बल्कि इसलिए कि हम अच्छे हैं। एक विचित्र सी मनोवृत्ति हम सब की यह होती है कि हम अपने प्रति किया गया दूसरों का व्यवहार तो बड़ी बारीकी से परखते हैं लेकिन इस बात पर ध्यान नहीं देते कि हम लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं?**

लाखों की गाड़ी एक चाबी और एक ब्रेक पर और करोड़ों का घर एक छोटे से ताले और चाबी पर निर्भर रहता है। उसी तरह हमारा व्यक्तित्व भी हमारी सोच और स्वभाव पर निर्भर करता है। सोच हमारा मन है और व्यवहार हमारा कर्म। हमारे स्वभाव से हमारी पहचान बनती है। हमारा स्वभाव जैसा होता है, हमारा मन भी वैसा होता है और हम वैसा ही व्यवहार और कर्म करते हैं।

संस्कार और स्वभाव बदलते नहीं। यदि बदल सकते तो मुरलीवाला दुर्योधन की सोच बदल देता और महाभारत न होती। स्वभाव बदलना मुश्किल है तो हम अपने व्यवहार में तो परिवर्तन जरूर ला सकते हैं। व्यवहार में सकारात्मकता आते ही हमारा व्यक्तित्व निखर उठता है। इसलिए स्वभाव चाहे कैसा भी हो, व्यवहार हमेशा सही रखें। क्योंकि दुनिया हमारा आचरण देखकर ही हमारी तरफ बढ़ती है। व्यवहार किसी को दोस्त भी बना सकता है, किसी को विरोधी भी। हम लोगों के साथ किस तरह मिलते-जुलते हैं, बात करते हैं इसके आधार पर ही लोग हम पर प्यार लुटाएंगे।

यदि व्यवहार करने से पहले थोड़ा सोच-समझ लें, तो हो सकता है कि हमारी दिन-प्रतिदिन की बहुत सी समस्याएं खत्म हो जाएं। सबसे मित्रवत संबंध बने रहें।

सलीके से पहने परिधान और आकर्षक चेहरे से हमारे व्यक्तित्व पर प्रभाव तो पड़ता है। लेकिन हमारी भाषा और अपने संपर्क में आने वाले लोगों से बोल-चाल और हमारी भाव-भंगिमा ही हमारे व्यक्तित्व के सबसे बड़े निर्धारक होते हैं। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार विचार विचारों की समझ, सुसंस्कृत आचरण, दूरदर्शिता, कार्य करने के तरीके और जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण से संपूर्ण व्यक्तित्व बनता है। व्यवहार या बातचीत में थोड़ी सी भी असावधानी से अकारण ही कितनी गलतफहमियां जन्म ले लेती हैं। इन गलतफहमियों की वजह से ही बहुत से विवाद और मनमुटाव होते हैं। सजग और सतर्क रहते हुए मधुरतापूर्ण वार्ता करेंगे तो शायद रोज-बरोज की छोटी-छोटी किचकिच कम हो सकती है और बहुत सी उलझनें सुलझ जाएंगी।

हम सब अलग-अलग हैं। सभी का स्वभाव अलग-अलग होता है, इसलिए लोगों का व्यवहार हर बार अलग मिलेगा। इस कारण हम व्यवहार को लेकर सभी के साथ एक जैसा मानदंड नहीं अपना सकते। हमारा अपना एक मूल स्वभाव है। इसका अर्थ यह नहीं कि अलग-अलग लोगों से व्यवहार करने के लिए हम अपना व्यवहार भी बार-बार बदलें। बदल ही नहीं सकते। पर हम बात करने का तरीका बदल सकते हैं, लहजा बदल सकते हैं, भाषा बदल सकते हैं। बड़ों से व्यवहार करते समय विनम्र होना, दोस्तों के साथ मजाकिया होना, बच्चों के साथ कुछ समय के लिए बच्चे भी बन सकते हैं। हमें समय, परिस्थिति और व्यक्ति के हिसाब से अपना व्यवहार चुनना चाहिए। सदैव हां ही नहीं, न कहना भी और मृदु बने रहने के साथ थोड़ा कड़ा व्यवहार भी कभी-कभी जरूरी होता है।



# संजू सैमसन-प्रसद्धि कृष्णा-तिलक वर्मा का सपना टूटा, कुलदीप यादव पड़े युजवेंद्र चहल पर भारी... केएल राहुल ने चौंकाया

**2023 आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का फैसला हो गया है. टीम के कप्तान रोहित शर्मा ही होंगे. उपकप्तानी हार्दिक पंड्या को सौंपी गई है. संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल का वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट गया है.**




मौजूदा एशिया कप में टीम इंडिया के 17 सदस्य शामिल हैं और ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर संजू सैमसन भी हैं. एशिया कप के बीच ही मंगलवार को वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का स्क्वॉड घोषित हुआ. तिलक वर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर का रास्ता दिखाया गया है. वहीं, संजू सैमसन का भी वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट गया. केएल राहुल वर्ल्ड कप खेलेंगे. कुलदीप यादव स्पिन डिपार्टमेंट में एक बार फिर युजवेंद्र चहल पर भारी पड़े हैं।

वर्ल्ड कप 2023 के लिए चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने स्क्वॉड का ऐलान किया. 15 सदस्यीय स्क्वॉड में युजवेंद्र चहल को मौका नहीं मिला है, वहीं एशिया कप में ट्रैवल रिजर्व के तौर पर शामिल संजू सैमसन भी इस लिस्ट से बाहर हैं. तिलक वर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा भी वर्ल्ड कप के स्क्वॉड से बाहर रखे गए हैं. एशिया कप में एक भी मैच नहीं खेले केएल राहुल को वर्ल्ड कप में जगह मिल गई है. केएल राहुल के चयन पर पहले भी सवाल उठे हैं, वर्ल्ड कप में उनके चयन पर आगे भी सवाल उठ सकते हैं.

वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम इंडिया स्क्वॉड- रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मो. शमी, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर.

## टॉप 3 बल्लेबाजी पोजीशन तो तय, लड़ाई तो आगे के नंबर्स पर होगी

टीम इंडिया के लिए वर्ल्ड कप में ओपन रोहित शर्मा और शुभमन गिल करेंगे और नंबर तीन पर विराट कोहली खेलेंगे, यह तो तय है. वहीं इसके बाद 4 पर फिलहाल श्रेयस अय्यर और नंबर 5 पर ईशान किशन खेलते दिख रहे हैं. नंबर 6 पर हार्दिक पंड्या और नंबर 7 पर रवींद्र जडेजा एकदम फिक्स हैं. तीन पेसर जसप्रीत बुमराह मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज होंगे. इसके अलावा शार्दुल ठाकुर भी चौथे पेसर के तौर पर ऑप्शन हैं. कुलदीप यादव टीम के प्रमुख स्पिन विकल्प हैं. उनको युजवेंद्र चहल पर तरजीह मिली है।

## क्यों मिली श्रेयस अय्यर को जगह?

श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद एशिया कप में टीम इंडिया में जगह बनाई. वो टीम इंडिया के नंबर 4 पर 2019 वर्ल्ड कप के बाद सबसे सफल बल्लेबाज हैं. ऐसे में उनको टीम इंडिया से बाहर रखने का सवाल ही नहीं उठता था।

## केएल राहुल ने दिया सरप्राइज, लेकिन ये है असली वजह?

टीम इंडिया के स्क्वॉड में सबसे बड़ी खबर रही केएल राहुल की वापसी से, लेकिन जब उन्हें एशिया कप के स्क्वॉड में भी निगल (हल्की चोट) की वजह से चुना गया था, तब भी इस बात पर सवाल उठे. वह पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ लीग मैच से बाहर रहे. अब उम्मीद है कि वो एशिया कप के आगे आने वाले मैचों में खेलते हुए नजर आ सकते हैं. उनके चयन से यह माना जा रहा है कि वो 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप के पहले मैच से पहले टीम में शामिल होने के लिए उपयुक्त हैं.

राहुल को साल की शुरुआत में आईपीएल में जांघ में चोट लग गई थी, इसके बाद वो बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे. राहुल के टीम में होने से संजू सैमसन बाहर हो गए. केएल राहुल नंबर 5 पर भारतीय टीम के लिए 2019 वर्ल्ड कप के बाद सबसे सक्सेसफुल हैं. उन्होंने इस बल्लेबाजी पोजीशन पर 17 मैचों में 56.53 के औसत से 735 रन बनाए है।

## कुलदीप यादव को युजवेंद्र चहल की जगह मौका म?ला?

2019 के वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया के लिए कुलदीप यादव ने कुल 35 वनडे मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने 32.27के एवरेज और 5.44 की इकोनॉमी के साथ 48 विकेट लिए हैं. इसी दरम्यान युजवेंद्र चहल ने 23 मैच में 28.89 के एवरेज और 5.71 के एवरेज से 37 विकेट लिए हैं. हालांकि, इस डाटा को देखने में दोनों ही बराबर लग रहे हैं, पर कुलदीप कुछ दिनों में भारतीय टीम के लिए लगातार वनडे मैच खेल रहे हैं. इस कारण उनको टीम में चहल पर तरजीह मिली है।



# जवान की एडवांस बुकिंग ने इतिहास बना डाला, साढ़े सात लाख टिकटें बिकीं

## मल्टीप्लेक्स के साथ-साथ सिंगल स्क्रीन्स पर भी जवान के शोज़ की भारी डिमांड हैं.



जवान ने एडवांस बुकिंग के मामले में गदर काट रखा है. पहले दिन के लिए फिल्म की साढ़े सात लाख से ज्यादा की टिकटें बिक चुकी हैं. कमाल की बात तो ये है कि मल्टीप्लेक्स के साथ-साथ सिंगल स्क्रीन्स पर भी जवान के शोज़ की भारी डिमांड हैं. देशभर में कई जगहों पर जवान के अर्ली मॉर्निंग और लेट नाइट शोज़ रखे जा रहे हैं. इंडिया के सबसे बड़ी ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म, बुक माई शो ने बताया कि जवान की 7.5 लाख टिकटें बिक चुकी हैं।

बिज़नेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक मेट्रो और नॉन मेट्रो सिटीज़ जैसे मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, भुवनेश्वर, पुणे और कोची में सबसे ज्यादा एडवांस टिकटें बिकी हैं।

जवान, 07 सितंबर को सिनेमाघरों में उतरेगी. एडवांस बुकिंग के लिए अभी भी दो दिन बचे हैं. अनुमान लगाया जा रहा है कि ये आंकड़ें अभी बढ़ेंगे. साथ ही रिलीज़ के दिन वॉक इन ऑडियंस भी फिल्म देखने जाएगी. पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक मूवी पहले दिन सिर्फ हिंदी वर्जन से 60 करोड़ रुपए कमा सकती है. साथ ही तमिल, तेलुगू और ओवरसीज़ से मिलाकर 80 करोड़ से ऊपर की ओपनिंग ले सकती है।



# एक खून को छुपाने के लिए करीना कपूर ने अपनाए सारे हथकंडे, सस्पेंस और थ्रिलर से भरा जाने जान का ट्रेलर हुआ रिलीज

**नेटफ्लिक्स ने अपनी नई फिल्म जाने जान का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. इस फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार करीना कपूर खान, जयदीप अहलावत और विजय वर्मा हैं. खास बात यहा है कि इस फिल्म से करीना कपूर ओटीटी पर डेब्यू कर रही हैं.**

नेटफ्लिक्स ने अपनी नई फिल्म जाने जान का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. इस फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार करीना कपूर खान, जयदीप अहलावत और विजय वर्मा हैं. खास बात यहा है कि इस फिल्म से करीना कपूर ओटीटी पर डेब्यू कर रही हैं. फिल्म जाने जान का ट्रेलर कई सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर नजर आ रहा है. जिसमें साजिश, रहस्य और धोखे की दुनिया दिखाई देती है. ट्रेलर देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म में रिश्तों और रहस्यों को उजागर किया जाएगा.



# लाड़ली बहना योजना

## सरकार ने विकल्प दिया तो इन्दौर में 150 महिलाओं ने छोड़ दिया लाभ, जल्दबाजी में भर दिया था फार्म



सरकार ने लाड़ली बहनाओं को स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ने का विकल्प दिया है। वेबसाइट पर विकल्प आने के दो सप्ताह में ही इंदौर से 150 महिलाओं ने लाभ परित्याग कर दिया। वर्तमान में इंदौर में साढ़े चार लाख से ज्यादा लाड़ली बहनाएं हैं। सरकार ने निम्न व कमजोर आय वर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह योजना शुरू की है। शुरुआती दो महीनों में 1000 रुपए दिए गए। अब इसमें 250 रुपए का इजाफा कर दिया गया है। आवेदनों की जांच कर पात्र-अपात्र का निर्धारण करने में समय न लगे इसलिए आवेदक से ही स्वघोषणा पत्र लिया गया है।

यदि कोई लाभार्थी इन बिंदुओं से सहमत नहीं है या पात्र नहीं तो वह योजना का लाभ छोड़ सकता है। भास्कर ने पड़ताल की तो पता चला कि इंदौर से योजना छोड़ने वाली कई महिलाएं पात्रता शर्तों की कसौटी पर खरी नहीं उतर रही थीं। इसमें आयकरदाता, नौकरीपेशा व ऐसे परिवारों की महिलाएं है, जिनकी स्वघोषित आय 2.5 लाख रुपए से ज्यादा है। उन्होंने जल्दबाजी में फार्म भर दिया था, अब विकल्प मिला तो वे बाहर हो गईं।

### क्यों दिया विकल्प

अफसरों ने बताया कि सरकार चाहती है, अपात्र लोग खुद ही योजना से बाहर हो जाएं। चुनाव नजदीक है, जांच के लिए पर्याप्त अमला भी नहीं है। सरकार ने घोषणा की है कि चुनाव के बाद इसकी राशि बढ़ाई जाएगी। माना जा रहा है कि नई सरकार में लाथार्थियों की पात्रता मानकों के आधार पर जांच की जा सकती है। तब सरकार योजना से बाहर करेगी। ऐसे में लिए गए लाभ की वसूली का जोखिम भी रहेगा।

### छोड़ने पर आगे लाभ नहीं मिलेगा

यदि एक बार योजना के लाभ का परित्याग कर दिया तो भविष्य में इसका लाभ लेने के लिए आवेदन की पात्रता नहीं रहेगी। इसके लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। इसका नंबर 0755-2700800 है।

### इंदौर में लाड़ली बहनाएं

पहले दौर में बनी = 4,39,122 दूसरे दौर में जुड़ीं = 18,130
लाभ छोड़ने वाली= 155 से ज्यादा






यह संतुलन हमें अवश्य प्राप्त करना चाहिए, इसमें स्थिर होना चाहिए, और आप तब तक आगे बढ़ते रहें जब तक आप अपने तालू भाग में नहीं पहुंच जाते, जहाँ सदाशिव बैठे हुए हैं। आप इसका अनुभव ले सकते हैं। जो कुछ भी मैं कह रही हूँ, इसे आप स्वयं देख सकते हैं। आप इसे अच्छी तरह से जानते हैं। एक ही चीज है, कि जो कुछ भी मैं कह रही हूँ, आप सरलता से इसकी जांच कर सकते हैं। सहजयोग को अत्यंत सरलता से सत्यापित किया जा सकता है, और आप यह जानते हैं, कि आप अब केवल सत्य को जानते हैं, वह सत्य जो संपूर्ण है।

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी, 5 मार्च 2000

## हमें दाई ओर या बाई ओर नहीं जाना, संतुलन में रहते हुए हमें मध्य से जाना है, क्योंकि हम मध्यमार्गी हैं

मैं आशा करती हूँ कि आप समझ गए होंगे कि यह कितना महत्वपूर्ण है कि आपके चक्र ठीक होने चाहिएं, आपका मार्ग बिल्कुल सही होना चाहिए, आपकी सुषुम्ना स्वच्छ होनी चाहिए क्योंकि हम मध्यमार्गी हैं। हमें मध्य से जाना होगा, मध्य मार्ग से, और हमें संतुलन में रहना होगा, बाईं ओर नहीं जाना और दाईं ओर नहीं जाना। यह संतुलन हमें अवश्य प्राप्त करना चाहिए, इसमें स्थिर होना चाहिए, और आप तब तक आगे बढ़ते रहें जब तक आप अपने तालू भाग में नहीं पहुंच जाते, जहाँ सदाशिव बैठे हुए हैं। आप इसका अनुभव ले सकते हैं। जो कुछ भी मैं कह रही हूँ, इसे आप स्वयं देख सकते हैं। आप इसे अच्छी तरह से जानते हैं। एक ही चीज है, कि जो कुछ भी मैं कह रही हूँ, आप सरलता से इसकी जांच कर सकते हैं। सहजयोग को अत्यंत सरलता से सत्यापित किया जा सकता है, और आप यह जानते हैं, कि आप अब केवल सत्य को जानते हैं, वह सत्य जो संपूर्ण है।₹

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी ।
5 मार्च 2000



## परमात्मा द्वारा बनाए गए सभी प्राणियों में से आप सर्वोत्तम प्राणी हैं

₹आप सभी प्राणियों के उच्चतम प्रतीक हैं। धरती माँ के अंदर से उगने वाली कोई भी चीज वह कार्य नहीं कर सकती, जो आप कर सकते हैं। वह कुंडलिनी नहीं उठा सकती। नहीं, यह नहीं कर सकती। हो सकता है, थोड़ा बहुत असर हो, लेकिन यह उतनी शक्ति के साथ, उतनी निपुणता से काम नहीं करेगी। आप परमात्मा के द्वारा रचे गए एक अत्याधुनिक यंत्र की तरह हैं, अत्यंत निपुण और अत्यंत प्रभावशाली। और आपका यह मस्तिष्क, जब बीच में आ जाता है तो समस्या हो जाती है, और आपका यह मस्तिष्क, उस विराट के मस्तिष्क की तुलना में कुछ भी नहीं है। आपका मस्तिष्क कुछ भी नहीं है, अपितु यह एक छोटे से मच्छर की तरह है, यह ऊपर आता है, यहां-वहां आता-जाता है और कहता है, ₹ओह यह, यह, यह, यह, यह, यह₹, और तब समस्या शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप वास्तव में अपने अंदर की शक्ति का उपयोग करना शुरू कर देते हैं, तो आप पाएंगे कि परमात्मा ने आपको एक ऐसा सर्वोत्तम यंत्र बनाया है जो आप सोच भी नहीं सकते। और जैसे ही आप अपने इस यंत्र का उपयोग विवेकशीलता से और समर्पण या विनम्रता से करना शुरू करते हैं, तो धीरे-धीरे यह यंत्र और अधिक, और अधिक, और अधिक विकसित होता जाता है, और आप ज्यादा संवेदनशील पक्षों को विकसित करते हैं, या हम कह सकते हैं, आप इसमें नए तरीके विकसित करते हैं, और सहजयोग की कार्य प्रणाली के प्रति बेहतर, और अधिक अच्छी समझ विकसित करते हैं। - 4 मार्च 1983

# विधानसभा चुनाव-2023-पुराने दावेदार कई सीटों पर सक्रिय, 40-45 सीटों पर भाजपा करेगी प्रयोग, हर जिले में एक सीट पर नया चेहरा

**विधानसभा चुनाव-2023 के लिए हारी हुई सीटों में से 39 पर अपने प्रत्याशी उतारकर भाजपा चुनावी कवायद में आगे है। दूसरे दौर में भी हारी हुई सीटों पर मंथन जारी है। कुल 230 में से अब 191 सीटें बाकी हैं, जहां प्रत्याशी तय किए जाना हैं।**

भाजपा सूत्रों की मानें तो जीते हुए विधायकों के साथ ही भाजपा प्रदेश के 40 से 45 जिलों में एक-एक प्रत्याशी ऐसा उतारने की रणनीति पर काम कर रही है, जो नया चेहरा हो। इतना ही नहीं, यह चेहरा मूल पार्टी के नेता, कार्यकर्ता से इतर भी हो सकता है। मोदी-शाह की रणनीति हमेशा चौंकाने वाली रही है।

पार्टी के ही एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक 54 जिलों में से 40 से 45 में एक-एक सीट पर पार्टी कुछ नए नाम लाएगी और टिकट देगी। इनमें कुछ प्रोफेशनल, अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले, लेकिन भाजपा की रीति-नीति को मानने वाले होंगे। इस इंटरनल रणनीति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की वर्किंग जारी है। इसमें ऐसे नाम देखे जा रहे हैं जो फिलहाल दावेदारी में नहीं हैं।

### मेयर चुनाव में चौंकाया था पार्टी ने

इंदौर में मेयर चुनाव को लेकर अचानक ही अलग तरह से पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, देवास, उज्जैन जैसे बड़े शहरों में खासकर ऐसे चेहरे तलाशे जा रहे हैं जो विवादित न हों और समाज, शहर व उस संबंधित क्षेत्र के लिए सूटेबल हों। इंदौर की बात करें तो पार्टी के लिए क्षेत्र क्रमांक 1, 5 इसी कशमकश का हिस्सा है। ऐसी कई सीटें हैं, जहां उतारा जाने वाला प्रत्याशी ही सीट की जीत-हार तय कर देगा।

## इंदौर के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

# मेट्रो के कोच इंदौर की धरती पर उतरे

## मेट्रो का ट्रायल रन सितम्बर माह में प्रस्तावित









**इंदौर (ब्यूरो चीफ अनिल चौधरी)। इंदौर के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आज का दिन इंदौर के लिये गौरवशाली उपलब्धि लेकर आया। आज इंदौर में मेट्रो के सपने को साकार करने की दिशा में एक ओर नई कड़ी जुड़ गई। मेट्रो के कोच इंदौर की धरती पर उतरे। कल रात विशाल ट्रालों में पहुंचे तीन कोच आज सुबह इंदौर के गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो में पटरी पर उतारे गये। सांसद श्री शंकर लालवानी ने पूजन अर्चना कर कोच को पटरी पर उतारने के कार्य की शुरुआत की।**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में इंदौर में मेट्रो की विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य तेज गति से जारी है। लगभग 6 किलोमीटर में मेट्रो का ट्रायल रन सितम्बर में होना प्रस्तावित है। इंदौर में मेट्रो के सपने को साकार करने के लिये तेज गति से कार्य चल रहा है। मेट्रो आने से इंदौर देश के विकसित शहरों में शामिल हो जायेगा। विकास को नई गति मिलेगी। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी श्री मनीष सिंह के निर्देशन में कार्य कार्पोरेशन की टीम पूरी मुस्तैदी से दिन रात एक कर मेट्रो के कार्य को तेज गति से पूरा करने में लगी हुई है। इंदौर में आज पीले कलर के चंमचमाते कोच पटरी पर उतारे गये तो खुशी एवं उत्साह का अद्भुत वातावरण डिपो में देखने को मिला।



सांसद श्री शंकर लालवानी ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों और तकनीकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में साकार होते देख मन बेहद आनंदित है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इंदौर शहर भी मेट्रो वाला शहर बनने जा रहा है। इस मौके पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डायरेक्टर (तकनीकी) श्री शोभित टंडन भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इंदौर आये तीन कोच का कलर पीले हैं। इनकी क्षमता लगभग 900 यात्रियों की रहेगी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )